THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL, AFFAIRS (SHRI R. L. BHATIA): (a) to (e) Missions abroad have been authorised to renew the passport of an Indian citizen for one year on presentation while at the same time making a reference to the original Passport Issuing Authority for confirmation of the particulars of the passport. Full extension is to be proviced only after the passport particulars are confirmed within a specified time frame. Missions have been asked to advise the Indian community to apply for renewals at least 45 days before the expiry of their passports.

The system of requiring passport particulars to be confirmed before granting full extension has been in-noduced to prevent Indian Missions abroad from legitimising fake and fraudulent passports inadvertently in view of the large number of passport rackets that are prevalent. Under the earlier system, the Missions were renewing passports without any checking to determine if the passports were legitimately issued documents.

Some NRIs have represented against the new system and their representations have been forwarded to *the* Government by the concerned Indian Missions. These representations are based on a wrong interpretation of the instructions as it was mistakenly apprehended that they would either have to go back to India to the original Passport Issuing Authority for renewal of their passports or that they would have to send their passports back to the original Passport Issuing Authority for renewal. Our Missions have been advised to clarify the position to the Indian community abroad that they are NOT required either to come back to India for renewal of their passports or to send their passports back *'o* India,

भारतीय दूतावासों में संगीत और योग शिक्षकों के पद

4140. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेश स्थित किन-किन भारतीय दूतावासों में सांस्कृतिक राजदूत-सहायकों तथा संगीत एवं योग-शिक्षकों के पद हैं; और

(ख) उक्तपदों पर नियुक्त अधिकारियों और कलाकारों का ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद) : (क) भारत के निम्न-लिखित राजदूतावासों/हाई कमीशनों में भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद का सांस्कृतिक केन्द्र है:-

(1) जार्जटाउन (गयाना)

(2) पोर्ट लुई (मारीशस)

(3) पारामारिबो (सूरीनाम)

(4) जकार्ता (इंडोनेशिया)

(5) मास्को (रूस)

(6) बर्लिन (जर्मनी)

(7) लंदन (यूनाइटिड किंगडम)

(8) काहिरा (मिस्र)

सांस्कृतिक केन्द्रों के प्रमुख को केन्द्र के निदेशक के रूप में पदनामित किया जाता है और उन्हें प्रथम सचिव/कोंसलर/मंत्री का राजनयिक रैंक दिया गया है।

जार्जटाउन, पोर्ट लुई, पारामारिबो, जकार्ता, मास्को और काहिरा में संगीत और योग के अध्यापक हैं।

(ख) इन पदों पर तैनात किए गए अधिकारी और कलाकारों का विवरण संलग्न सूची में दिया गया है।

1. भारत का हाई कमीशन, जार्जटाउन (गयाना)

(क) निदेशक/प्रथम सचिव (संस्कृति)	श्री आर० के० सक्सैना
(ख) तबला अध्यापक	श्री आर० के० रैना
(ग) तबला सहवादक	श्री पूरण महाराज
(घ) नृत्य अध्यापक	श्री सैयद असधर तीरभीजी
(ङ) स्वर संगीत अध्यापक	डा० नलिनी मिश्रा

2. भारत का हाई कमीशन, पोर्ट लुई (मारीशस)

(क) निदेशक/प्रथम सचिव (संस्कृति)	श्री जे० डब्ल्यू लोबी
(ख) तबला अध्यापक	श्री केदार नाथ (8 अप्रैल, 1993 को रवाना होंगे)
(ग) तबला सहवादक	श्री महफूज अली खान
(घ) नृत्य अध्यापक	श्रीमती गीताजंलि लाल
(ङ) स्वर संगीत अध्यापक	डा० रुकमणि रामानी
(च) योग अध्यापक	श्री देव दत्त (24 मार्च, 1993 को रवाना होंगे)

3. भारत का राजदूतावास पारामारिबो (सूरीनाम)

(क) निदेशक/प्रथम सचिव (संस्कृति)	श्री अशोक श्री निवासन
(ख) तबला अध्यापक	श्री एम० डी० दलवी
(ग) तबला सहवादक	श्री एम० एम० उपाध्याय
(घ) नृत्य अध्यापक	श्री राम मोहन मिश्र
(ङ) सितार अध्यापक	श्री एम० एम० मिश्र
(च) योग अध्यापक	श्री चांद राम

4. भारत का राजदूतावास, जकार्ता (इंडोनेशिया)

(क) निदेशक/प्रथम सचिव (संस्कृति)	श्री तारीक सुल्तान
(ख) तबला अध्यापक	श्री बी० के० वर्मा
(ग) नृत्य अध्यापक	कुमारी प्रभा राव
(घ) स्वर संगीत अध्यापक	श्री एम० बाला सुब्रामणियम
(ङ) योग अध्यापक	श्री गनेश दत्त शर्मा

5. भारत का राजदूतावास, मास्को (रूस)

(क) निदेशक/कौंसलर (संस्कृति)	श्री जार्ज जोसफ
(ख) तबला अध्यापक	श्री एन्थोनी दास
(ग) नृत्य अध्यापक	श्रीमती संतोष व्यास
(घ) योग अध्यापक	श्री टी० जे० रेड्डी

6. भारत का राजदूतावास, काहिरा (मिश्र)

(क) निदेशक/प्रथम सचिव (संस्कृति)	डा० (श्रीमती) इस्मत लतीफ मेहदी
(ख) योग अध्यापक	श्री एम० प्रभाकर राव

7. भारत का हाई कमिशन, लंदन (यूनाईटिड किंगडम)

(क) निदेशक/मंत्री (संस्कृति)	श्री गोपाल कृष्ण गांधी

8. भारत का राजदूतावास, बर्लिन (जर्मनी)

(क) निदेशक/प्रथम सचिव (संस्कृति)	श्री एम० एस० पुरी ।

'दक्षेस' शिखर सम्मेलन का स्थान

4141. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 'दक्षेस' देशों के राज्याध्यक्षों की आगामी बैठक कहां और कब होने की संभावना है ; और

(ख) क्या इस संबंध में भारत के प्रधान मंत्री की अन्य राष्ट्राध्यक्षों के साथ बातचीत हुई है ?

विदेश मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) सातवां सार्क शिखर सम्मेलन 10 और 11 अप्रैल, 1993 को ढाका, बंगलादेश, में होगा ।

(ख) उपरोक्त तारीखें तय करने के पूर्व श्रीलंका के राष्ट्रपति ने, जो इस समय सार्क के अध्यक्ष हैं, सार्क सदस्य राज्यों के सभी शासना राज्याध्यक्षों से परामर्श किया था जिनमें भारत के प्रधान मंत्री शामिल हैं ।

भारत के प्रधान मंत्री का रूस और अन्य गणराज्यों का दौरा

4142. **श्री शंकर दयाल सिंह** : : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत के प्रधान मंत्री को रूस एवं सोवियत संघ से अलग हुए गणराज्यों की ओर से उन देशों का दौरा करने का निमंत्रण प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो वह इन देशों का दौरा कब करेंगे ?

विदेश मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) प्रधान मंत्री को रूसी परिसंघ, उक्रेन, मालदोवा, कजाकस्तान, किर्गीस्तान, तुकमेनिस्तान, उजबेकिस्तान और ताजिकिस्तान से आमंत्रण प्राप्त हुए हैं ।

(ख) यात्राओं की तारीखें राजनयिक माध्यम से तय की जायेंगी ।